तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025


13 चिकित्सक जीवन रक्षक, भगवान का है दूसरा रूप : ओमकुमारी


14 समाजसेवक ने अध्यक्ष गौरीशंकर को कार्य निर्माण...






## खबर संक्षेप

### आज नवापारा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

**नवापारा-राजिम।** 2 जुलाई बुधवार को दोपहर 12 बजे शहर के बहुत ही प्रतिष्ठित पीएम श्री



हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में संकुलस्तरीय शाला प्रवेश उत्सव होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता प्राचार्य दानी मैम करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीईओ धनेश्वरी साहू,नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा और शाला विकास समिति के अध्यक्ष सौरभ जैन विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### खाद-बीज की समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन आज

**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने घोषणा की है कि 2 जुलाई, बुधवार को दोपहर 12 बजे आदिम जाति सेवा सहकारी समिति छुरा (जिला सहकारी बैंक के सामने स्थित) के सामने किसानों को खाद-बीज की समस्या के चलते एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। यह प्रदर्शन किसानों को खाद और बीज की उपलब्धता में आ रही परेशानियों को उजागर करने और समाधान की मांग करने के लिए किया जा रहा है।

### नगर में 5 को धूमधाम से निकलेगी बाहुड़ा यात्रा

**महासमुंद।** शहर में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी बाहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। 27 जून को रथयात्रा में जगन्नाथ भगवान, बलभद्र भैया और बहन सुभद्रा द्वितीया को रथ में बैठकर अपने मौसी के घर पहुंचे और दशमी को बाहुड़ा यात्रा के रूप में अपने घर वापस आते है। 5 जुलाई रविवार को बाहुड़ा यात्रा का आयोजन प्रति वर्ष छग करण महांती समाज, तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में बड़े धूमधाम से बाजे गाजे के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभा यात्रा के रूप में जगन्नाथ रथ के साथ श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचाया जाता है।

### ट्रैक्टर चालक से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के ग्राम कसलबा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लक्ष्मण ने बताया कि 30 जून को वह चंद्रहास प्रधान के ट्रैक्टर स्वराज 735 क्रमांक सीजी 06 जीपी 5874 को टिकरा से घर वापस ला रहा था, करीब दोपहर 12 बजे शास. राशन दुकान के पास पहुंचाने पर देखा कि दीपक प्रधान का ट्रैक्टर रास्ते में कीचड होने से फंसा हुआ था, उसके बाजू से वह अपना ट्रैक्टर निकाल कर जा रहा था। तब दीपक प्रधान गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** शराब जब्ती के दो मामलों में जिले की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने पूछताछ में उक्त व्यक्ति अपना नाम सुरेंद्र रत्नाकर पिता खगेश्वर रत्नाकर (32 साल) सुखापाली बताया। आरोपी के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया गया।

# कामराज में शिक्षक के अनुचित स्थानांतरण पर ग्रामीण आक्रोशित, शाला बहिष्कार की चेतावनी

## डीईओ के नाम बीईओ को ज्ञापन सौंपकर, 3 जुलाई से शाला बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत पेण्ड्रा के आश्रित ग्राम कामराज स्थित पूर्व माध्यमिक शाला के वरिष्ठ शिक्षक रामकुमार साहू का गलत तरीके से अतिशेष बताकर स्थानांतरण किए जाने से ग्रामीण और शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) आक्रोशित हो गए हैं। इस अन्यायपूर्ण निर्णय के विरोध में ग्रामीणों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में शिक्षक रामकुमार साहू के स्थानांतरण आदेश को निरस्त कर उन्हें स्कूल में यथावत रखने की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार, शिक्षक रामकुमार साहू वर्ष 2009 से पूर्व माध्यमिक शाला कामराज में कार्यरत हैं। उनके बाद कई अन्य शिक्षक और प्रधानपाठक इस विद्यालय में आए हैं। 2025 में जारी युक्तियुक्तकरण आदेश के तहत 1-3 का सेटअप रखा गया था और यह निर्देश दिया गया था कि कनिष्ठ शिक्षकों को अतिशेष घोषित कर स्थानांतरित किया जाए। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि बीईओ द्वारा इस नियम का उल्लंघन करते हुए, वरिष्ठ शिक्षक रामकुमार साहू को अतिशेष मानकर स्थानांतरित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि विद्यालय में कला विषय के दो शिक्षक हैं, जिनमें से नियमानुसार एक को रखना था, लेकिन इस नियम का पालन नहीं किया गया।



### ग्रामीणों की चेतावनी

ग्रामीणों ने ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 2 जुलाई तक स्थानांतरण आदेश निरस्त नहीं किया गया तो 3 जुलाई से शाला बहिष्कार किया जाएगा। इसके साथ ही, उन्होंने विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में भी विरोध प्रदर्शन करने की बात कही है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सरपंच अजय कुमार ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष धनकुंवर ठाकुर, ग्राम पटेल तारक ठाकुर, सुरेंद्र कुमार ठाकुर, देवराज, कृष्ण कुमार, मोहनी, सरस्वती बाई, प्रेम बाई, सुमित्रा बाई, देवमती आदि शामिल थे।

## हादसा : दुर्घटना में ड्राइवर की लापरवाही उजागर, अज्ञात वाहन के कट से अनियंत्रित होकर पलटी

# किडनी की दवा लेने रायपुर गई महिला की बोलेरो पलटने से मौत, आठ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम-गरियाबंद मार्ग पर, शहर से मात्र 2 किलोमीटर दूर तेजा राइस मिल के सामने सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। ड्राइवर की कथित घोर लापरवाही के कारण एक बोलेरो वाहन पलट गया, जिसमें सवार 31 वर्षीय एलमती नामक महिला की मौत हो गई और 8 अन्य लोग घायल हो गए। आश्चर्यजनक रूप से, इस दुर्घटना में ड्राइवर को कोई खरोंच तक नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो वाहन काफी तेज गति में था। किसी अज्ञात वाहन द्वारा कट मारने पर बोलेरो के ड्राइवर ने डरकर अचानक ज़ोर से ब्रेक लगा दिया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। वहीं मिली जानकारी के अनुसार, बोलेरो में सवार सभी लोग मैनपुर के गिरोला निवासी थे। मृत महिला एलमती अपनी किडनी की दवा लेने के लिए रायपुर गई थीं, और लौटते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में घायल होने वालों में मिनेश गोड़ (35 वर्ष), दुर्योधन नागेश (23 वर्ष), सीता (40 वर्ष), आशीष (6 वर्ष), चुबनलता (16 वर्ष), यामेंद्र (41 वर्ष), अजय कुमार (35 वर्ष), और कोमल (35 वर्ष) शामिल हैं।



### घायलों की स्थिति, मृतका की हुई पहचान

जो लोग गंभीर रूप से घायल थे, उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया, जबकि बाकी घायलों का इलाज राजिम अस्पताल में चल रहा है। जिस महिला को धनेंद्र साहू ने घटनास्थल से उठाकर अस्पताल पहुंचाया था, दुर्भाग्य से उनकी रास्ते में ही मौत हो गई थी, जिसे डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृत महिला की पहचान एलमती के रूप में हुई है। पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू के साथ उनके खास समर्थक और नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार जीत सिंह भी मौजूद थे, जिन्होंने घायलों की मदद करने में अहम भूमिका निभाई।



### दुर्घटनास्थल पर मदद के लिए दौड़े लोग

जैसे ही गाड़ी पलटी, उसमें सवार लोगों की चीख सुनकर आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। भीड़ ने मिलकर पलटी हुई गाड़ी को सीधा किया और घायलों को बाहर निकालना शुरू किया। इसी बीच, पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू जिला मुख्यालय गरियाबंद में कांग्रेसजनों की बैठक के बाद अपनी कार से लौट रहे थे। दुर्घटनास्थल पर उन्होंने अपनी कार रुकवाई और गंभीर रूप से घायल लोगों को अपनी कार में बिठाकर सीधे राजिम अस्पताल पहुंचाया।घायलों में एक छोटा बच्चा भी था, जिसके सिर से खून बह रहा था। धनेंद्र साहू ने उस बच्चे को अपने गोद में बिठाया, जिससे उनका कुर्ता खून से लाल हो गया। उनकी संवेदनशीलता की सभी ने सराहना की; वह घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बाद उनके इलाज शुरू होने तक वहीं रुके रहे। उन्होंने डॉक्टरों और नर्सों से घायलों का त्वरित इलाज करने का आग्रह किया, और अस्पताल कर्मियों ने भी फुर्ती के साथ बिना देर किए इलाज शुरू कर दिया।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर ने मंगलवार को जनदर्शन में 42 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम अतरमरा के सुखनंदन साहू ने क्रेडा विभाग से सौर ऊर्जा मांग हेतु, ग्राम कुम्हडईकला के ओंकार पात्र ने नौकरी प्रदाय करने, ग्राम सिर्रीकला के दुकालू ने जंगल भूमि की बेदखली रोक व पट्टा दिलाने, गरियाबंद के आम आदमी पार्टी ने गरियाबंद से छुरा मार्ग का सुधार करने एवं शहर में सड़कों पर आवारा जानवरों के विचरण से होने वाली दुर्घटना एवं उसके समाधान करने, ग्राम गोंदलाबाहरा के ग्रामीणों ने काबिज भूमि बड़े झाड़ जंगल की हक दिलाने, ग्राम सेंदर का ईष्वरी राम साहू ने मुआवजा राषि दिलाने, ग्राम रुवाड़ के समस्त ग्रामवासियों ने पीएम आवास निर्माण में अनियमितता होने की झूठी षिकायत के संबंध में, विषेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज के अध्यक्ष ने मा.शा. ग्राम कोड़ोहरदी में बोर खनन स्वीकृत करने एवं हेंडपंप को सुधार करने, देवरी के पंचुराम ने पषु षेड निर्माण करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये है। इस पर कलेक्टर श्री उइके ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# जिला अस्पताल में 53 दिव्यांगजनों के मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

दिव्यांगजनो के लिए आयोजित मेडिकल प्रमाण तथा यूनिक आईडी कार्ड शिविर का आयोजन विगत दिवस जिला चिकित्सालय गरियाबंद में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 130 दिव्यांगजन उपस्थित हुये जिसमें सिकल सेल, अस्थिबाधित, श्रवणबाधित, मूकबधिर एवं अन्य प्रकार के दिव्यांगजनों को जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सको के द्वारा जाँचकर किया गया। जिसमें से 53 दिव्यांगजनों का मेडिकल प्रमाण पत्र बनाया गया एवं 02 दिव्यांगजनों का यूनिक आई.डी. कार्ड जारी किये जाने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्री डी.पी. ठाकुर उप संचालक, समाज कल्याण गरियाबंद तथा जिला चिकित्सालय गरियाबंद से श्री डॉ.टी.सी. पात्रे, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय गरियाबंद, डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, डॉ. केके सहारे, डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ विपिन बिहारी अग्रवाल, डॉ. हरीश चौहान, डॉ. लक्ष्मी जांगड़े एवं डोमर सिंह ठाकुर समाज शिक्षा संगठक जनपद पंचायत-गरियाबंद तथा तुल्जा ध्रुव बीआरपी विकासखंड-गरियाबंद मौजूद थे।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों के कार्यभार में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने जिले में पदस्थ राजस्व अधिकारियों के बीच नवीन कार्य विभाजन कर कार्यों का दायित्व सौंपा है। जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे को उप जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत को एसडीएम गरियाबंद, अपर कलेक्टर ॠषा ठाकुर को एसडीएम छुरा, डिप्टी कलेक्टर रामसिंह सोरी को एसडीएम देवभोग का प्रभार सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर अवंति गुप्ता एवं डिप्टी कलेक्टर नेहा भेड़िया को जिला मुख्यालय कार्यालय में विभिन्न शाखाओं का प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर उइके ने जिले के तहसीलों में भी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों में फेरबदल किया है।

**अजय कुमार चन्द्रवंशी**– तहसीलदार देवभोग
**रमेश कुमार मेहता**– तहसीलदार मैनपुर
**चितेश कुमार देवांगन**– तहसीलदार गरियाबंद
**योगेन्द्र कुमार देवांगन**– नायब तहसीलदार गरियाबंद
**गैंदलाल साहू**– तहसीलदार छुरा
**डोनेश्वर साहू**– प्रभारी नायब तहसीलदार पाण्डुका
**मयंक अग्रवाल**– तहसीलदार राजिम
**तारेन्द्र ठाकुर**– नायब तहसीलदार राजिम

# कुम्हड़ीकला-झाखरपारा मार्ग पर जानलेवा गड्ढे...



**मैनपुर।** जिले के देवभोग विकासखण्ड अन्तर्गत कुम्हड़ीकला देवभोग, झाखरपारा मार्ग की हालत बेहद जर्जर हो गई है पहली बारिश में ही लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यो के पोल खुल कर रह गई है। सड़क में कुम्हड़ीकला के पास बड़े– बड़े जानलेवा गडढे हो गए है जिसमें लोग दुर्घटना के शिकार हो गए हैं। इस मार्ग में आने –जाने वाले लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है लेकिन इस और न तो जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे है और न ही संबंधित विभाग जिसके चलते लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यह मार्ग ओड़िसा सीमा के गांवों को जोड़ता है और इस मार्ग में हजारों लोगों का आना –जाना लगा रहता है।

## अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन, गांधी मैदान में जुटे सैकड़ों शिक्षक, जमकर की नारेबाजी

# शिक्षक साझा मंच ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शिक्षक साझा मंच द्वारा अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आज गांधी मैदान में जोरदार रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से मंच ने माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण एवं जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिला संचालक परमेश्वर निर्मलकर एवं ब्लाक संचालक जितेन्द्र सोनवानी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया। रैली के पूर्व गांधी मैदान में सैकड़ों की संख्या में ब्लॉक के शिक्षक-शिक्षिकाएं ▶▶| शेष पेज 12 पर

### प्रमुख मांगें

1. 2 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम के तहत किए गए समायोजन को निरस्त किया जाए।
2. 31 मार्च 2008 के सेटअप के आधार पर ही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की जाए।
3. युक्तियुक्तकरण की क्रमोनीति का जनरल ऑर्डर शीघ्र जारी किया जाए।
4. पूर्व सेवा अवधि के आधार पर पेंशन सहित अन्य सेवा लाभ प्रदान किए जाएं।





### ये रहे शामिल

इस धरना प्रदर्शन में जिला संचालक परमेश्वर निर्मलकर, ब्लाक संचालक जितेन्द्र सोनवानी, गिरीश शर्मा, दिनेश निर्मलकर, संजय यादव, लोकेश सोनवानी, सुरेश केला,ईदरीश खान, ज्ञानेश्वर साहू, सलीम मेमन, सरस सोम, राजेश यद्धु, कृष्न कुमार बया, दानवीर साहू, कोमल देवांगन, लोकेश ध्रुव, तिलक यादव, भाग सिंह ठाकुर, अजय सेन, यादवेंदर गजेंद्र, मनोज साहू, राधे लाल ध्रुव, मुन्ना लाल, कमलेश त्रिवेन्द्र, सुनील मेहर, सदानन्दर सर्वांकर, रोम लाल निषाद, अविनाश राजपूत, नोहर सोनी, ओमप्रकाश साहू, टेक राम साहू, योगेश ध्रुव, इंद्रप्रीत कुकरेजा, अंजना गनविर, ईश्वरी सिन्हा, प्रतिभा सकरिया,नीता सर्वा, नन्दिनी यादव, सरिता माथुर, संगीता सोनवानी, मृदुला निर्मलकर, संगीता केला, सीमा वयदे, शतरूपा विप्रे, भानू कुटारे सहित सैकड़ों शिक्षक- शिक्षिका शामिल हुए।

# छात्राओं से दुर्व्यवहार, आरोपी शिक्षक की वापसी पर ग्रामीण आक्रोशित

**मैनपुर।** जिले में युक्तिकरण प्रक्रिया को लेकर शिक्षकों और ग्रामीणों का विरोध लगातार सामने आ रहा है। मंगलवार को गरियाबंद जिले के दूरस्तवननांचल में बसा ग्राम मरदाकला गांव के पालकों ने छात्राओं से दुर्व्यवहार के आरोपी शिक्षक की वापसी पर नाराजगी जताई और गरियाबंद पहुंच कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मरदाकला में आरोपी शिक्षक की वापसी पर पालकों ने विरोध प्रदर्शन किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष जगतू राम ध्रुवा के नेतृत्व में पालकों का प्रतिनिधिमंडल जनदर्शन में पहुंचा और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि स्कूल के प्रभारी प्राचार्य रहे शिक्षक रवि प्रकाश अंगारे पर छात्राओं से दुर्व्यवहार का आरोप है। पालकों की मांग पर सितंबर 2023 में उन्हें स्कूल से हटाया गया था, लेकिन अब युक्तिकरण के नाम पर फिर से उसी स्कूल में उनकी पदस्थापना कर दी गई है। इस फैसले से पालक नाराज हैं और उन्होंने उक्त शिक्षक को हटाने की मांग की है। जिले के डीईओ आनंद सारस्वत ने मामलों को गंभीरता से लेते हुए कहा की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




■ ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## खबर संक्षेप

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद**। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष 2025 का पुरस्कार वितरण राज्य स्थापना दिवस, 01 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में किया जाएगा। इस संबंध में जिले के कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए है, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक कृषक जो खेती में नवाचार, जैविक कृषि, उत्पादन में वृद्धि, कृषि यांत्रिकीकरण, या जल संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं, वे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है। जिले के समस्त पात्र कृषकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक अर्हताएं एवं अन्य जानकारी संबंधित कृषि कार्यालयों या जिला कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ राज्य के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रखर कृषक नेता डॉ. खूबचंद बघेल के नाम पर दिया जाता है, जिनके योगदान को याद करते हुए यह सम्मान उन कृषकों को दिया जाता है जिन्होंने कृषि के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। किसानों से अपील किया है कि निर्धारित प्रपत्र में कृषि गतिविधियों, कृषि यंत्रों का फोटोग्राफ्स सहित आवेदन समय-सीमा में संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### अवैध बैनर पोस्टर लगाने वालों पर 10-10 हजार रुपए जुर्माना

**रायपुर**। जोन 5 नगर निवेश विभाग ने चंगोराभाठा बाजार चौक के पास शासकीय संपत्ति विरूपण करने पर कार्रवाई की है। इनमें अगस्तया एकेडमिक आफ साइंस अनाज भंडार के पास रायपुर, कृष्णा किडम एकेडमी एसबीआई कालोनी सुंदर नगर रायपुर, शिक्षा कोचिंग सेटर अश्विनी नगर महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन के पास और आईएसबीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना किया है। 3 दिन के अंदर जुर्माना राशि जोन 5 के नगर निवेश विभाग में जमा करने के निर्देश दिये गये हैं। जोन 5 क्षेत्र स्थित चंगोराभाठा बाजार चौक के पास सरकारी पोल पर अवैध रूप से बैनर-पोस्टर लगाकर शहर की सुंदरता प्रभावित करने वालों के खिलाफ निगम ने जुर्माना लगाया है। महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम की अनदेखी करने पर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक ने संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि भविष्य में नगर निगम की बिना अनुमति शासकीय स्थलों पर बैनर-पोस्टर न लगायें। 3 दिन के भीतर जुर्माने की राशि नगर निगम के जोन 5 नगर निवेश विभाग में जमा करा दें।

## निधन

### भागवत सिन्हा



**छुईहा बेलर**। भागवत सिन्हा चरौदा 88 वर्ष का स्वस्थ्य खराब होने के कारण सेम्हरा में मंगलवार को निधन गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गृह ग्राम चरौदा में बुधवार को रखा गया है।

पेज 11 का शेष...

### शिक्षक साझा मंच...

एकत्र हुए और साझा मंच के बैनर तले अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एकदिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर इस आंदोलन में अपनी सहभागिता दी। शिक्षक प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि शासन द्वारा शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि शिक्षक वर्ग की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## समारोह : नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर दी गई पाठ्य सामाग्री

# बच्चों के संस्कार की डोर शिक्षकों के हाथ में : नंदिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

विद्या मंदिर स्कूल समिति सेंदर द्वारा संचालित प्राथमिक पाठशाला में सोमवार को प्रवेशोत्सव, वृक्षारोपण एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप थे, जबकि अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों में नंदनी ओमकार साहन, रुखमणी खेमराज सिन्हा (जनपद सदस्य), गामणी राकेश धृतलहरे (सरपंच, ग्राम सेंदर), डॉ. महेश कुंजाम (पूर्व जनपद सदस्य), रामाधार साहू (भाजपा नेता, पूर्व सरपंच) और अध्यक्ष रामु राम साहू (सेन्दर) शामिल थे। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होकर शिक्षा के पंख लगाकर उड़ने को तैयार नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कश्यप सहित समस्त अतिथियों ने नवनिहालों को जूते-मोजे पहनाकर, बैग, पानी की बोतल, गणवेश, पाठ्य-पुस्तकें, शीश, पेंसिल, रबर, कटर इत्यादि स्कूल पठन सामग्री भेंटकर सुसज्जित किया। इसके बाद, फूल माला पहनाकर और अक्षत-रोली से माथे पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। शाला प्रवेश की इस अनोखी परंपरा को देखकर विद्या मंदिर अध्यक्ष रामु राम साहू, समिति सचिव कमलेश सिन्हा और सह प्रबंध समिति की नैतिक व्यवस्था एवं बच्चों के नैतिक अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्कूल में प्रवेश करते ही भारत माता की विशाल प्रतिमा, जो भारत के मानचित्र में समाहित है, उसे देखते ही मन में विचार और ऊर्जा का संचार होता है। सभी ने उनकी पूजा कर नमन किया।

**शिक्षा और अनुशासन पर जोर, विकास कार्यों की घोषणा-** जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के सुशासन में शाला प्रवेश उत्सव बच्चों में स्कूल आने के प्रति नई ऊर्जा का संचार करने का शासन का अभिनव पहल है। उन्होंने अपने पद पर न रहते हुए भी इस स्कूल में आने का जिक्र किया और विद्यार्थी जीवन में शिक्षा तथा अनुशासन के महत्व पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रवेशी बच्चों के मन में आगे क्या बनने की जिज्ञासा है, इस भाव को समझने और उसी अपेक्षा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे आगे क्या बनना पसंद करेंगे। बच्चों ने पुलिस, शिक्षक, डॉक्टर बनने की इच्छा व्यक्त की, और इन बच्चों के भाव का सम्मान करते हुए उन्हें आज से ही मानो ग्रामवासी सेंदर की ओर से उपाधि मिली हो, ऐसा महसूस कराया गया। इस प्रेरणा से नवप्रवेशी और समस्त स्कूली बच्चे उत्साहित होंगे। संस्था अध्यक्ष रामु राम साहू की मांग पर जिला अध्यक्ष ने 15 लाख रुपये की अतिरिक्त स्कूल भवन की एकल मांग को स्वीकार कर घोषणा की। उन्होंने समय-समय पर ग्रामवासियों की मंशानुरूप विकास की गति को बढ़ाते रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए बालक, पालक और शिक्षकों से कहा कि यही समय है बच्चों को अच्छे संस्कार देने का, जैसे कुम्हार कच्चे मिट्टी को आकार देता है, वैसे ही आज से ही उनके भविष्य निर्माण की नींव रखी जा रही है। सरपंच गामनी राकेश घृतलहरे और ग्रामवासियों की मांग पर नंदनी ओमकार साहू ने 5 लाख रुपये की कांक्रीटीकरण सड़क देने की घोषणा की। जनपद पंचायत फिंगेश्वर की इंद्राणी नेहरू साहू ने स्कूली बच्चों को शुभाशीष देते हुए 3 लाख रुपये की घोषणा की है। इस विकास कार्य की घोषणा से कार्यक्रम के सूत्रधार पूर्व सरपंच रामाधार साहू, सरपंच गामनी घृतलहरे, उपसरपंच तुलसी, अध्यक्ष रामु राम साहू, उमेश सिन्हा, राजकुमार घृतलहरे, सुखचंद घृतलहरे, तुलस वर्मा, मोहित साहू, धनी, जनक, योगेश देवांगन, परमानंद और ग्रामवासी सेंदर ने हर्ष व्यक्त कर अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर उत्तम देवांगन, चंद्रिका, अश्वनी, जीवन, चित्र कुमार, चिमन, भागवत, हेमलाल भी शामिल थे। इससे पहले, अतिथियों का रावत नाचा एवं फटाके फोड़कर स्वागत करते हुए स्कूल सभा मंच में आसंदी दी गई। सभा मंच में सभी ने बारी-बारी से फूल माला, गुलदस्ता, बुके भेंटकर स्वागत किया, वहीं विदाई के अवसर पर शाल, श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

### विद्या मंदिर स्कूल सेंदर में प्रवेशोत्सव, पौधारोपण और सम्मान समारोह





#### सेंदर में वृहद पौधारोपण: जीवित रखने का लक्ष्य

बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में, वृक्षारोपण एक प्रभावी उपाय है जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, ग्राम सेंदर में सोमवार को मुख्यमार्ग, स्कूल मैदान से होते हुए तालाब और मुक्तिधाम तक वृक्षारोपण का शुभारंभ हुआ। इस पौधारोपण की विशेषता यह है कि सभी पौधों को जीवित रखने का प्रबंधन किया जा रहा है। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड लगाए जा रहे हैं और सिंचाई के लिए ड्रिप पाइप की शुरुआत की गई है। रामाधार साहू ने अतिथियों को बताया कि सभी पौधों को जीवित रखने के लिए अथक प्रयास जारी रहेगा। साथ ही, भविष्य में ईंट की छोटी दीवार, पेवर ब्लॉक और इनके बीच आकर्षक फूलों के पौधे सुसज्जित होंगे। अतिथियों ने भी आवश्यकतानुसार सहयोग करने की बात कही है। पौधारोपण के दौरान मोतीराम निषाद, ओमकार साहू, टिकेश साहू, गजेंद्र निषाद, मुरली, खेमचंद साहू, दूजलाल साहू, शैलेंद्र, हुलस, भुवनेश्वर, जानु इत्यादि ग्रामवासी, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल और प्राथमिक पाठशाला के प्राचार्य मेघा ठाकरे, प्रधान पाठक और शिक्षक उपस्थित थे।

# विधायक साहू के प्रयास से नया मेला ग्राउंड के लिए करोड़ों रूपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू की सक्रियता से धर्मनगरी राजिम का विकास लगातार हो रहा है, विधायक रोहित साहू के निरंतर प्रयास और विकासपरक सोच का सकारात्मक परिणाम एक बार फिर सामने आया है। उनके प्रयासो से छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा दो सड़को के लिए 44 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें एक सड़क फोरलेन बनेगी। पहला मार्ग नवीन मेला ग्राउंड चौबेबांधा राजिम से नदी तट लक्ष्मण झूला तक फोरलेन बनेगी जिसकी कुल लम्बाई 3.50 किमी तथा लागत राशि 34 करोड़ 19 लाख 52 हजार रुपए है। दूसरा मार्ग राजिम-चौबेबांधा-नवागांव पुल तक चौड़ीकरण कार्य जिसकी लम्बाई 3.30 किमी तथा लागत राशि 9 करोड़ 4 हजार रुपए शामिल है। विधायक रोहित साहू ने इसके लिए सीएम विष्णुदेव साय व लोक निर्माण मंत्री अरुण साव,वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम की गरिमा के अनुरूप विकास कार्य कराए जा रहे है आने वाले दिनो में इस मार्ग के बन जाने से राजिम कुंभ कल्प की दिव्यता और भव्यता और भी बढ़ेगी। इस मार्ग के बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही साथ देश और दुनिया से राजिम पहुंचने वाले पर्यटक भी इस भव्यता को देखकर प्रसन्नता जाहिर करेंगे। विधायक रोहित साहू ने कहा कि ये सड़के राजिम की वैश्विक पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगी। यह मार्ग मेला ग्राउंड से मुख्य धार्मिक स्थल को जोड़ेगी, जिससे श्रद्धालुओं, पर्यटकों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इन सड़को के बनने से कनेक्टिविटी की समस्या हल होगी। बताया कि स्वीकृत प्राक्कलनों के बाद जल्द ही इन मार्गों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त कि निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होगा। यह स्वीकृति धर्मनगरी राजिम के विकास की नई दिशा तय करने वाली साबित होगी। विधायक श्री साहू के इस प्रयास की नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर,मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चन्द्राकर,पार्षद टंकु सोनकर,आकाश राजपूत,भारत यादव, मंशा कुर्रे,कुलेश्वर साहू,सुरेश पटेल,सोमनाथ पटेल,अजय पटेल व्यापारी संग से अजय साहू,विक्रम मेघवानी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए सराहना किया है।



## हाजियों का नागपुर में हुआ स्वागत...



**नवापारा-राजिम**। नवापारा शहर से हज करने गए हाजी अशरफ चौहान, हज्जन समा बानो, हज्जन मेहरुन्निसा मंगलवार को वापस अपने वतन भारत पहुंचे। इनके नागपुर पहुंचने पर शहर के लोगो ने स्वागत किया है। स्वागत करने वालो में अशफाक लखानी, साज़िद तिगाला, नसीब खान, संजय शर्मा, फिरोज चौहान, फैज चौहान शामिल थे।

### उद्योग प्रबंधक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर**। राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली उद्योग प्रबंधक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। पूर्व में पीएससी द्वारा सहायक संचालक उद्योग तथा प्रबंधक की परीक्षा 6 जुलाई को आयोजित की जानी थी। बाद में तिथि परिवर्तन करते हुए 12 जुलाई को उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित करने अधिसूचना जारी की गई। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती हो रही है। रायपुर सहित अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, जगदलपुर में केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी पीएससी की वेबसाइट से अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## डॉ. गदिया का हुआ सम्मान...



**नवापारा-राजिम**। डॉक्टर्स डे के अवसर पर शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेंद्र गदिया का सम्मान आइसेक्ट स्टॉफ ने हरा-भरा पौधा देकर किया।

# बीईओ ने सेवानिवृत्ति पर पीपीओ और जीपीओ प्रदान किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फिंगेश्वर में फिंगेश्वर विकासखंड के मोहित कुमार मिश्रा( सेनिप्रपा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोमा)एवं यशवंत साहू (सेनिप्रपा शासकीय प्राथमिक शाला दमौवापारा राजिम) को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

इसके साथ साथ उनके पीपीओ जीपीओ एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान आदेश प्रदान किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां पर हम अपने काम की जिम्मेदारियां से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं,क्योंकि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि विकासखंड फिंगेश्वर के अंतर्गत भविष्य में शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के दिन संपूर्ण स्वत्वों का भुगतान करने हेतु आश्वस्त किया। ज्ञात हो कि यशवंत साहू प्रधानपाठक 30 जून 2025 को सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा,व्याख्याता एस. एस. कंवर,सहायक ग्रेड 02 मोहेश्वर मारकंडे,संकुल समन्वयक नरेश साहू,धमेंद्र ठाकुर,उत्सव यदु,ललित डड़सेना,सुखराम साहू,रूपचंद साहू,सुनीता यादव,नरेन्द्र देवांगन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फिंगेश्वर के कर्मचारी उपस्थित थे।

## पार्थ ने राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

# राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



33वीं राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश बेसबॉल एसोसिएशन द्वारा 27 जून से 01 जुलाई 2025 तक गढ़मुक्तेश्वर जिला पाटन उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। जिसमें तुमगांव के पार्थ छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। इससे पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया था, जिसमें महासमुंद जिले से पार्थ शर्मा पिता हर्ष शर्मा का चयन हुआ था, जिसने राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया। तुमगांव निवासी पार्थ वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद में अध्यनरत हैं। पार्थ विगत 4 वर्षों से तुमगांव खेल मैदान में प्रशिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक प्राप्त किया है। जहां आसपास क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं। तुमगांव एवं भोरिंग में संचालित खेल मैदान में विगत वर्ष 65 बच्चों ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए एवं 95 बच्चों ने विभिन्न खेलों रग्बी, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, एथलेटिक्स, तलवारबाजी, हैंडबॉल में से राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में शामिल हुए। केवल बेसबॉल में प्रतिवर्ष 30 से 40 खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं 40 से 50 खिलाड़ी राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में शामिल होते हैं। इसी मैदान से ही 03 खिलाड़ी नेशनल गेम्स उत्तराखंड में शामिल हुए। 2 खिलाड़ी विश्वविद्यालय के सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए। राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में पार्थ के रजत पदक जीतने पर अध्यक्ष नगर पंचायत बलराम कांत साहू, उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, जनपद पंचायत सदस्य प्रियंका लवेश ढ़ीढी, पार्षद राम शरण निर्मलकर, पार्षद गौतम सिन्हा, पार्षद चोवाराम तांडेकर, पार्षद शिव यादव, भुवनेश्वर साहू, पार्षद रोहित साहू, शत्रुहन निषाद, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, छन्नू साहू व्यायाम शिक्षक वेदनर मेमोरियल स्कूल, एवन कुमार साहू, अभिषेक निर्मलकर, जगदीश, अभिषेक नेहरू, लिशांशु, नैतिक, सेवन, बेसबॉल खेल संघ पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

# आदिवासी परिवार ने 50 साल पुरानी जमीन टंकी निर्माण के लिए दान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयास से शहर के वार्ड नं 14 में 87 लाख रूपए की लागत से टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन का विस्तार होने जा रहा है। खास बात यह है कि वार्ड निवासी गैंदलाल ध्रुव के पास 50 वर्ष से 60 डिसमिल जमीन कब्जे में था उसे टंकी निर्माण के लिए उन्होने प्रदान किया है। इस अवसर पर श्री ध्रुव ने कहा कि जनता के हितो के लिए उन्होने इस जमीन को नगर पंचायत को दे दिया। इस अवसर पर श्री ध्रुव का नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू,वार्ड पार्षद कुलेश्वर साहू, भरत यादव,सुरेश पटेल,अजय पटेल, उत्तम निषाद ने सम्मान किया। नपा अध्यक्ष महेश यादव ने गैंदलाल ध्रुव का स्वागत करते हुए कहा कि नगर और वार्ड हित में उन्होने 60 डिसमिल जमीन देकर सबका दिल जीत लिया है। वार्ड पार्षद कुलेश्वर साहू ने इस कार्य के लिए ध्रुव परिवार की तारीफ की है। कहा कि वार्ड में जो टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन का विस्तार होने जा रहा है उसे वार्डवासियो को आने वाले समय में काफी कुछ राहत मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### 34 लाख कार्डधारी राशन पात्रता से वंचित : चमन

**छुरा।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चमन यादव ने कहा है कि राज्य शासन द्वारा राशन कार्ड धारी को ईकेवाईसी करवाने की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई जिस कारण राज्य के लगभग 34 लाख राशन कार्डधारियों को अब राशन नहीं मिल पाएगा। प्रदेश के 34 लाख से ज्यादा लोगों का राशन कार्ड अब



ऑनलाइन सिस्टम में ऑटोमेटिक ब्लॉक हो गया है, क्योंकि केंद्र सरकार ने उचित मूल्य की दुकानों के कार्ड सदस्यों को ऑनलाइन ई-केवाईसी कराने के लिए 30 जून तक अंतिम समय दिया था। अब तक इसको आगे बढ़ाने संबंधित कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है। जिससे लाखों सदस्यों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ई-केवाईसी की समय सीमा सरकार को बढ़ानी चाहिए ताकि जिन्हें अपात्र किया गया है वे अपना सत्यापन करवा सकें। लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि प्रदेश में 81 लाख 63 हजार 666 राशन कार्ड जारी किए गए हैं। इनमें पंजीकृत सदस्यों की संख्या 2 करोड़ 73 लाख 61 हजार 287 है। अब केवाईसी नहीं कराने वाले लोगों को अपात्र मान लिया जाएगा। इस तरह उनका नाम भी ऑनलाइन सिस्टम में ब्लॉक कर दिया जाएगा। डिजिटल सत्यापन के लिए आधार से जुड़े मोबाइल नंबर के माध्यम से डिजिटल सत्यापन किया जाना था। इस प्रणाली के माध्यम से यह तय किया जाता है कि लाभार्थी वास्तविक, जीवित है या फिर पात्र है कि नहीं। इसके जरिए फर्जी, मृत और दोहरे राशन कार्ड धारकों की पहचान कर उन्हें सूची से बाहर किया जा सकता है।

### नवागांव के शिक्षक मेमन का सम्मान

**महासमुंद।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2024-25 के तहत शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तुमगांव में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें शापूमाशा नवागांव संकुल केंद्र पटेवा के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण (ज्ञानदीप) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विशिष्ट अतिथि बीज निगम मंडल अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल, तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक रहे।

**मांग : बडे राजनेताओं व आला अधिकारियों का होता है क्षेत्र में दौरा पर नहीं है कोई सुविधाएं**

# मैनपुर में सर्व सुविधा युक्त विश्राम गृह की है आवश्यकता, उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर में सर्व सुविधा युक्त विश्राम गृह की मांग लम्बे समय से किया जा रहा है तहसील मुख्यालय के लिहाज से मैनपुर में विश्राम गृह नही होने के कारण विभिन्न राजनितिक व संगठनों के कार्यक्रम आयोजित करने में बेहद परेशानी होती है नगर में लोक निर्माण विभाग का एक विश्राम गृह है लेकिन वह काफी पुरान होने के कारण विश्राम गृह के दिवारे और छत कमजोर हो चली है हर साल मरम्मत कर कार्य चलाया जा रहा है विश्राम गृह मे सुविधाजनक कमरो व फर्नीचर की कमी है यंहा सभी राजनितिक पार्टीयों के बैठक व नेताओं का कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किये जाते है लेकिन पर्याप्त फर्नीचर व कमरो के कमी के चलते परेशानियों का सामना करना पडता है नगर के लोगों ने पुर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री तक को ज्ञापन सौंपकर मैनपुर में सुविधा जनक विश्राम गृह की मांग कर चुके है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया गया जब भी नगर मे मुख्यमंत्री या कोई भी केबिनेट मंत्री से लेकर विधायक व विभिन्न राजनितिक पाटीयों के नेताओं व जनप्रतिनिधियों का मैनपुर दौरा होता है तो इस एक मात्र लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में ही पहुचते है और हर बडे कार्यक्रम बडे नेताओ व अधिकारियो के बैठक भी यही आयोजित होते है कई बार नये विश्राम गृह की मांग किया जा चुका है लेकिन इस ओर अब तक कोई ध्यान नही दिया गया है।






### कर्मचारियों के आवास जर्जर

तहसील मुख्यालय मैनपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा विश्राम गृह में कार्य करने वाले कर्मचारियो के आवास भी बेहद जर्जर हो गये है कर्मचारियो के आवास बारिश दिनो में जगह जगह से छत खराब होने के कारण पानी टपकता है और यंहा कोई सुविधाए नही होने के कारण कर्मचारियो को भी परेशानियो का सामना करना पड रहा है कर्मचारी आवास की भी मांग लम्बे समय से किया जा रहा है , यहा कर्मचारियों के आवास इतना ज्यादा जर्जर हो गया है कि कभी भी बारिश के दिनों में गंभीर दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है।

### नया विश्राम गृह के लिए मांग पत्र सौंप चुके हैं लोग

मैनपुर नगर के लोगों ने मांग किया है कि मैनपुर तहसील मुख्यालय में लोक निर्माण विभाग को बडे विश्राम गृह निर्माण किया जाना चाहिए जिससे यंहा आने वाले जनप्रतिनिधियो व उच्च अधिकारियों व क्षेत्र के लोगो को परेशानी न हो जब कोई बडे जनप्रतिनिधि क्षेत्र के दौरे पर आते है तो उन्हे समस्या बताने या उनसे मिलने बडी संख्या मे क्षेत्र के लोग विश्राम गृह मे पहुचते है लेकिन जगह कम होने के कारण परेशानी होती है मैनपुर में सर्व सुविधा युक्त विश्राम गृह निर्माण के लिए माग करेंगे।

### प्रस्ताव भेजा गया है

लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर संजय यादव ने बताया कि मैनपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्व सुविधा युक्त विश्राम निर्माण के लिए पूर्व में प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। यहां विश्राम गृह के कर्मचारियों के लिए भी आवास निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है राशि स्वीकृत होने पर विश्राम गृह का निर्माण किया जायेगा।

- **संजय यादव,** सब इंजीनियर लोक निर्माण विभाग मैनपुर

# चिकित्सक जीवन रक्षक, भगवान का है दूसरा रूप : ओमकुमारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

- डॉक्टर्स डे के अवसर पर भाजपा मंडल द्वारा वरिष्ठ चिकित्सकों का किया गया सम्मान

भाजपा मंडल द्वारा डॉक्टरर्स डे के अवसर पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सकों सम्मान किया गया। नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पार्षदगण एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेंद्र गदिया, डॉ तेजेंद्र साहू, डॉ रमेश सोनसायटी, डॉ गुप्ता, डॉ शर्मा, डॉ लीलाराम साहू, डॉ.जीवन ज्योत सिंह, सहित नगर के चिकित्सकों का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने डॉक्टर को देवदूत बताया। कहा कि चिकित्सक सेवा भाव से मरीजों के इलाज में दिन रात एक करते है। अपने आराम की परवाह न करते हुए मरीजों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते है। डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप मानकर उन पर पूरा विश्वास करते है। डॉक्टरर्स डे पर नगर के सभी चिकित्सको द्वारा गोपाल गौशाला में गौ माता को गुड़ एवं चना खिलाया गया। चिकित्सकों के सम्मान में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मयाराम साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, कैलाश तिवारी, पार्षद पूजा कंसारी, जग्गू यादव, लोमेश्वरी साहू भारत सोनकर, निर्मला धीरज साहू, नम्मू नारायण ध्रुव, राजू रजक एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यूपी के कथावाचकों से दुर्व्यवहार, यादव समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



सर्व यादव समाज के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सतीश यादव, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजेश यादव एवं ठेठवार समाज युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष उग्रसेन यादव अन्य यादव की उपस्थिति में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन म बताया गया है कि यादव समाज के दो कथावाचकों के साथ कथित ब्राह्मणों द्वारा किए गए अन्याय की सूचना,जांच,उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में दो कथावाचक मुकुटमणि यादव और संत सिंह यादव के साथ ब्राह्मण समाज द्वारा की गई बर्बर, असामाजिक,अधार्मिक, अमर्यादित लय संपूर्ण यादव समाज को द्रवित और आक्रोशित कर गया है जिस तरह व्यास पीठ से नीचे उतरकर दोनों कथा वाचकों के साथ मारपीट करते हुए उनकी चोटी काट ली गई, उन्हें ब्राह्मणी के मूत्र से पवित्र किया गया,उनकी चेन,अंगूठी लूट ली गई,उनका घर से पैसे मंगवा कर देने के लिए उन्हें विवश किया गया, यह सब सुनकर ऐसा लगता है कि हम उस भारत में निवास नहीं कर रहे हैं जहां संविधान का राज है,जहां समरसता स्थापित करने के लिए तमाम संगठन सतत प्रयासरत है।इटावा जनपद के ब्राह्मणों द्वारा यादव समाज को लेकर की गई टिप्पणी सुनकर भी समाज को अत्यंत वेदना ही रही है।भारत तमाम संस—तियों, मान्यताओं, धर्मावलंवियों का देश है। वहां सबको सम्मान मिले, सब के स्वाभिमान की रक्षा हो, ऐसा हमारे संविधान में वर्णित है। लेकिन पिछले कुछ वषोंर् से कथित ब्राह्मण समाज के लोग अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए जैसा रवैया कर रहे हैं यह अक्षम्य है। छत्तीसगढ़ के महासमुंद की कथा वाचिका यामिनी साहू और मध्य प्रदेश की देविका पटेल को भी कथा वाचन से रोकने का प्रयास किया गया है।उनके साथ भी अभद्रता की गई। इसकी शिकायत पर पुलिस द्वारा क्या कार्रवाई की गई आज तक पता नहीं चला।अब उत्तर प्रदेश के इटावा में मुकुटमणि यादव,संत सिंह यादव और उनके सहयोगी के साथ जो बर्ताव किया गया है उसे लेकर छत्तीसगढ़ के 35 लाख यादव आहत है।

### स्कूल संचालन के लिए शिक्षकों को दी विभागों की जिम्मेदारी

**सरायपाली।** गौरव विद्या मंदिर में शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने दायित्व वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक तेजकुमार पंडा, प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधान आचार्य रामचंद्र बाईल, कार्यालय प्रमुख छत्रेश भोई, स्नेहा पाणिग्रही, वाहन प्रमुख तेजराज डडसेना, विज्ञान प्रमुख रोहित साहू, पुस्तकालय मंजू नायक, शासकीय पुस्तक प्रमुख रोहित प्रधान, छात्रवृति प्रमुख तेजराज डडसेना, हितेश स्वाई, स्काउट एवं खेल प्रमुख प्रफुल्ल बारीक, गाइड प्रमुख सविता प्रधान, परीक्षा प्रमुख वशिष्ठ दास, प्रीति पुजारी, अनुशासन प्रमुख माधुरी पटेल, तेजराज डडसेना, प्रार्थना प्रमुख रोहित प्रधान, सरवरी निशा, किशोर भारती प्रफुल्ल बारीक, कन्या भारती भारती भोई, समाचार प्रमुख सरवरी निशा, माधुरी पटेल, विद्युत विभाग रोहित प्रधान, स्वच्छता प्रमुख अरविंद बिश्रा, स्नेहा पाणिग्रही, बागवानी प्रमुख प्रीति पुजारी, जल प्रमुख मंजू नायक, चिकित्सा प्रमुख सस्मिता डनसेना, सांस्कृतिक प्रमुख प्रीति पुजारी, स्नेहा पाणिग्रही आदि मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा एवं माधुरी पटेल ने दी है।

# शिक्षा पर सबका अधिकार, स्कूल जाने से कोई बच्चा न छूटे : हनिता

**शाला प्रवेश उत्सव में स्कूली बच्चों को पुस्तक व गणवेश का किया वितरण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में शाला प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मैनपुर की सरपंच हनिता नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, भाजपा मंडल महामंत्री महेश कश्यप, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, सद्दाम भट्टी और प्राचार्य माधुरी नागेश शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित कर और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाई गई और उन्हें गणवेश, पुस्तक और कॉपियों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच हनिता नायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, और सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज़्यादा काम किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है ताकि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने शिक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा कि आज बच्चों को सबसे ज्यादा शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि मनुष्य के जीवन में शिक्षा बहुत ज़रूरी है। उन्होंने बताया कि मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का संचालन वर्षों से किया जा रहा है और इस विद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोविंद पटेल, प्रदीप सिन्हा, प्रकाश यादव, पुरूषोत्तम नायक, रामनाथ सोनी, कला राम तिरधारी, उषा साहू, मया राम नेताम, हेमंत साहू, चंद्र प्रकाश साहू, खुशबू रानी साहू, देवेंद्र यादव एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक प्रदीप सिन्हा ने किया।

# जामगांव में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर





शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जामगांव (फिंगेश्वर) में मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव 2025 बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर और पाठ्य पुस्तकें देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति श्रीमती नंदनी कोमल ढीढी थीं, जबकि अध्यक्षता जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष सतीश यादव ने की। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य श्रीमती चंपेश्वरी चोवा ध्रुव, जनपद सदस्य एवं सभापति मंजू कमलेश साहू, सरपंच श्रीमती रेणुका डहरे जामगांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमति मंजूलता हरित और शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष यशवंत कुमार साहू जामगांव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ

### अतिथियों ने किया पौधारोपण

अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा, माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कक्षा 6वीं और 9वीं के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें गणवेश और पुस्तकें प्रदान की गईं। वहीं, कक्षा 9वीं से 12वीं तक के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

### मन लगाकर पढ़ाई करें

मुख्य अतिथि नंदनी ढीढी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व और कड़ी मेहनत करने की बात कही। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन शाला आने और मन लगाकर पढ़ाई करने पर जोर दिया। इसी क्रम में, मुख्य अतिथि ने विद्यालय के लिए **बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की, जिससे विद्यालय परिसर की सुरक्षा बढ़ेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सतीश यादव ने छात्रों से प्रारंभ से ही अपना लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया, जिससे उन्हें निश्चित ही सफलता मिलेगी। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और बड़े पदों पर जाने से पहले एक अच्छा इंसान बनने की सलाह दी, जिससे उनकी घर, परिवार सहित समाज में पहचान बन सके। उन्होंने सभी छात्रों को अनुशासित रहकर अच्छी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर, अतिथियों द्वारा शाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता विद्याभूषण साहू और विनोद कुमार साहू द्वारा किया गया। अंत में, प्राचार्य श्रीमती भारती साहू ने सभी उपस्थितगणों का आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शाला समिति के सदस्यगण अरुण सिन्हा, मिंजून साहू, मेवालाल तारक, श्रीमती पार्वती दीवान (उप सरपंच जामगांव) सहित पंचगण - शिवराम सिन्हा, श्रीमती होमेश्वरी साहू, श्रीमती पार्वती पटेल, नंदनी बाई यादव, तुलसी कुर्रे, वीरसिंग देवांगन, गणेसिया दीवान, अजय तिवारी, श्रीमती संध्या शर्मा, चंद्रिका साहू, श्रीमति स्मिता जांगड़े, जयकुमार शर्मा, विनोद यद्दु, मिथलेश साहू, सेवक राम कोसरिया, चुम्मनलाल सिन्हा, स्टाफ सदस्य - रविकिशन दीवान, ज्ञानेन्द्र साहू, नरेश साहू, थामस यादव सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक और छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आमदी सरपंच ने मजदूरों एवं मिस्त्री को जैकेट वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



ग्राम पंचायत आमदी में आज एक कार्यक्रम आयोजित कर सरपंच आत्मानंद मरकाम द्वारा मजदूरो एवं मिस्त्री भाईयों का सम्मान किया। उन्हे जुता, मोंजा, कपड़ा, जेकेट, हेल्मेंट, टोपी, दस्ताना का वितरण किया गया। इस मौके पर उपसरपंच लोकेश नेताम, दीलिप कुमार, गोमती बाई, पान बाई, यशवंतीन बाई, अमीत, ताराचंद नेताम, राकेश कुमार, मुरलीधर, खेमलाल, बलराम यादव, सालिक राम, संजय कुमार, ओंकार, चेतन सिंह, पुरूशोत्तम ,रामचंद, प्रमोद कुमार, लोकेश ठाकुर,गोपाल ध्रुव, बिनेश ध्रुव, प्रितम वि"वकर्मा एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बारिश के बीच आंबा के बच्चे छाता-रेनकोट में खुश



**मैनपुर।** इन दिनों मैनपुर क्षेत्र में लगातार रूक रूक कर बारिश हो रही है और आंगनबाड़ी में पढ़ाई करने वाले छोटे-छोटे बच्चे रैनकोर्ट एवं छाता लेकर आंगनबाड़ी जाते काफी खुश नजर आ रहे है। इस तस्वीर को हसन खान ने ग्राम नवागढ़ में अपने कैमरे में कैद किया है।

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. 202506110500021 अ/5 वर्ष 2024-25
ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजजीवन सतनामी पिता स्व.श्री मनीराम निवासी- गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित पुराना ख.न. 1369/5 का रकबा 1.948 हे. बंदोबस्त पूर्व सत्र 1982-83 से 1986-87 के राजस्व अभिलेख रिकार्ड में मनीराम पिता धनाराम सतनामी के नाम पर दर्ज था। बंदोबस्त के बाद उक्त पुराना ख.न. 1369/5 रूपांतरित होकर नया खसरा नंबर 1640 बना है, जिसका भाग ख.न. 1640/1 का रकबा 0.300 हे. भूमि अनावेदिकागण पूजा, प्रीति, पायल पिता स्व.राजेन्द्र अग्रवाल निवासी-टूरी हटरी रायपुर के नाम पर दर्ज हो गया है। आवेदक के पिता की मृत्यु हो चुका है। आवेदक के पिता द्वारा किसी भी व्यक्ति को पूर्व में दानपत्र, वसियत, हकत्याग, बिक्रीनामा निष्पादित नहीं किया गया है। अतएव आवेदक द्वारा उक्त भूमि का बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में ज़िस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनॉक 07/07/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनॉक 16/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. 202506110500022 अ/5 वर्ष 2024-25
ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजजीवन सतनामी पिता स्व. श्री मनीराम निवासी- गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित पुराना ख.न. 1369/5 का रकबा 1.948 हे. बंदोबस्त पूर्व सत्र 1982-83 से 1986-87 के राजस्व अभिलेख रिकार्ड में मनीराम पिता धनाराम सतनामी के नाम पर दर्ज था। बंदोबस्त के बाद उक्त पुराना ख.न. 1369/5 रूपांतरित होकर नया खसरा नंबर 1644 बना है, जिसका भाग ख.न. 1644/1 का रकबा 0.270 हे. भूमि अनावेदक रमणगोपाल पिता छत्रधारी अग्रवाल के नाम पर दर्ज हो गया है। आवेदक के पिता की मृत्यु हो चुका है। आवेदक के पिता द्वारा किसी भी व्यक्ति को पूर्व में दानपत्र, वसियत, हकत्याग, बिक्रीनामा निष्पादित नहीं किया गया है। अतएव आवेदक द्वारा उक्त भूमि का बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में ज़िस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनॉक 07/07/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनॉक 16/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. 202506110500023 अ/5 वर्ष 2024-25
ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजजीवन सतनामी पिता स्व. श्री मनीराम निवासी- गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित पुराना ख.न. 1369/5 का रकबा 1.948 हे. बंदोबस्त पूर्व सत्र 1982-83 से 1986-87 के राजस्व अभिलेख रिकार्ड में मनीराम पिता धनाराम सतनामी के नाम पर दर्ज था। बंदोबस्त के बाद उक्त पुराना ख.न. 1369/5 रूपांतरित होकर नया खसरा नंबर 1640 बना है, जिसका भाग ख.न. 1640/2 का रकबा 0.190 हे. भूमि अनावेदक कुमारी पति राजकुमार अग्रवाल के नाम पर दर्ज हो गया है। आवेदक के पिता की मृत्यु हो चुका है। आवेदक के पिता द्वारा किसी भी व्यक्ति को पूर्व में दानपत्र, वसियत, हकत्याग, बिक्रीनामा निष्पादित नहीं किया गया है। अतएव आवेदक द्वारा उक्त भूमि का बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में ज़िस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनॉक 07/07/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनॉक 16/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. 202506110500024 अ/5 वर्ष 2024-25
ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजजीवन सतनामी पिता स्व.श्री मनीराम निवासी- गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित पुराना ख.न. 1369/5 का रकबा 1.948 हे. बंदोबस्त पूर्व सत्र 1982-83 से 1986-87 के राजस्व अभिलेख रिकार्ड में मनीराम पिता धनाराम सतनामी के नाम पर दर्ज था। बंदोबस्त के बाद उक्त पुराना ख.न. 1369/5 रूपांतरित होकर नया खसरा नंबर 1644 बना है, जिसका भाग ख.न. 1644/2 का रकबा 1.090 हे. भूमि अनावेदकगण पुनदास पिता चमरू, युसुफ कुमार, दिनेश्वरी, रीता, मीना, रितिका पिता दिलीप नारंग, नाबा माहिल पिता ईश्वर प्रसाद वली मॉ किर्ती बेवा ईश्वर प्रसाद नारंग के नाम पर दर्ज हो गया है। आवेदक के पिता की मृत्यु हो चुका है। आवेदक के पिता द्वारा किसी भी व्यक्ति को पूर्व में दानपत्र, वसियत, हकत्याग, बिक्रीनामा निष्पादित नहीं किया गया है। अतएव आवेदक द्वारा उक्त भूमि का बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में ज़िस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनॉक 07/07/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनॉक 16/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र./202506110200039 /ब-121/ 2024-25 रायपुर दिनांक-13/06/2025 ग्राम टेमरी, प.ह.नं.78, तहसील व जिला रायपुर,

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुस्ताक हुसैन पिता मो. यासिन खान द्वारा आम मुख्त्यारनामा अभय कुमार पाण्डेय निवासी बी-10, शैलेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने बाबत आवेदन पत्र पेश कर आवेदन पत्र में लेख किया है कि ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 418/39 रकबा 0.0700 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवेदक के पास पूर्व में ऋण पुस्तिका उपलब्ध था, जो कि गुम हो गया है, जिसकी सूचना संबंधित थाना को दिया गया । अतएव उक्त भूमि का डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 10/07/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 13/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — **तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किया सम्मान



**मैनपुर।** नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा सम्मान किया गया। जिसमें गरियाबंद मैनपुर देवभोग क्षेत्र से भी पंचायत प्रतिनिधि पहुंचें। इस दौरान ग्राम पंचायत छिन्दौला के उपसरपंच अमृत पटेल का सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं कोको पाड़े तथा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे इस मौके पर नव निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष, पार्शद, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं सभी पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

### बेलसोंडा में समरसता भवन निर्माण की मांग

**महासमुंद।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के आगमन के दौरान जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने पत्र सौंपकर ग्राम बेलसोंडा में समरसता भवन निर्माण की मांग की। उपाध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि ग्राम बेलसोंडा में समरसता भवन का निर्माण करवाया जाए, जिससे ग्रामवासियों को अपने सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने में आसानी हो सके और विद्यालय से संबंधित कार्यक्रम भी सुचारु रूप से आयोजित किए जा सकें। उन्होनें बताया कि ग्राम बेलसोंडा की जनसंख्या लगभग 5500 है और समरसता भवन के निर्माण से ग्राम के विकास और सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने जनपद उपाध्यक्ष की मांग पर ध्यान देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### बम्हनी में गंगा आरती का आयोजन 6 को

**महासमुंद।** बम्हनी स्थित श्वेत गंगा मंदिर परिसर में 6 जुलाई को दोपहर 1 बजे गंगा आरती आयोजन एवं बोल बम कांवरियों की सेवा के संबंध में बैठक आहूत की गई है। आयोजन समिति के रामेश्वर पांडेय, खिलावन यादव, भुवन साहू, गोपाल साहू, यादुराम साहू ने समिति से जुड़े सदस्यों व श्रद्धालुओं से बैठक में उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा है कि गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई से संध्याकालीन श्वेत गंगा आरती प्रारंभ किया जाएगा।

## बैठक : समय-सीमा के प्रकरणों का तेजी से करें निराकरण

# किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता में कोई परेशानी न हो : कलेक्टर उईके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मंगलवार को बीएस उईके ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं में प्रगति लाने आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने जनदर्शन, जनचौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, लोक संवाद, सीपी ग्राम सहित उच्च कार्यालयों के लंबित प्रकरणों को नियत समय के भीतर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समय-सीमा के बैठक में अनुपस्थित रहने वाले जिला अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। कलेक्टर श्री उईके ने कहा कि समय-सीमा में दर्ज सभी प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जाए। साथ ही आवेदनों की मॉनिटरिंग एवं ऑनलाईन अद्यतीकरण भी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न मापदंडों एवं इंडीकेटर में प्रगति की भी जानकारी ली।

■ कलेक्टर ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

उन्होंने नीति आयोग के डेल्टा रैंकिंग में स्थान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिले में किसानों के लिए खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज की उपल्बधता में परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी केन्द्रों में आवश्यक मात्रा में खाद-बीज भण्डारित कर नियमित वितरण सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने किसानों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट एवं एनपीके उर्वरक के बेहतर विकल्प के बारे में जागरूक करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एसएसपी एवं एनपीके उर्वरक का जिले में पर्याप्त भण्डारण है। फसल उत्पादन को बढ़ाने हेतु संतुलित मात्रा में उर्वरक का उपयोग करने किसानों को प्रेरित की जाए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जी आर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, श्री नवीन भगत, प्रकाश राजपूत सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### सिकल सेल स्क्रिनिंग एवं इलाज कार्यो की ली जानकारी



कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पीएमश्री स्कूल आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सिकल सेल स्क्रिनिंग एवं ईलाज अंतर्गत कार्यो की भी जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को लाभान्वित करने सक्रियतापूर्वक इन योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों, आर.बी.सी. 6-4 के तहत प्रकरणों की स्थिति एवं लंबित मुआवजा, अतिक्रमण, बेदखली पर कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री उइके ने जिले के पांच जगहों पर ब्लॉक प्लान्टेशन करने के लिए गड्ढा खुदाई, फेंसिंग एवं पौधों की उपलब्धता आदि तैयारियां तेजी से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने एसडीएम की अध्यक्षता में बनी समिति को आवश्यक कार्य योजना बनाकर स्थल निरीक्षण करने एवं समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## छुरा स्कूल में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छुरा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद और नगर पंचायत के सभी पार्षदगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाला विकास समिति की अध्यक्ष अनीता सिन्हा और उनके सभी सदस्य भी मौजूद थे। विद्यालय के प्राचार्य केके साहू के साथ-साथ सभी व्याख्याता, शिक्षक और कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर और आरती गायन के साथ हुआ। सर्वप्रथम, विद्यालय के प्राचार्य ने अतिथियों को विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इसके बाद, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने बच्चों को जीवन में पढ़ाई के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पुस्तकें वितरित कर हार्दिक स्वागत किया। शाला विकास प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अनीता सिन्हा ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया।

### उपलब्धियां और सम्मान

कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत बैंकिंग फाइनेंस सर्विस की सेक्टर स्किल काउंसलर परीक्षा के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदगण और शाला विकास समिति के अध्यक्ष द्वारा बोर्ड कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।कक्षा दसवीं के टॉपर प्रथम स्थान कुमारी चेतना साहू, द्वितीय स्थान कुमारी वर्षा कोमर्रा, तृतीय स्थान कुमारी यामिनी साहू, कक्षा बारहवीं के टॉपर प्रथम स्थान कुमारी थामेंश्वरी, द्वितीय स्थान संतोषी नेताम, तृतीय स्थान कुमारी डाली निषाद। जिन शिक्षकों ने अपने विषयों में 100% परीक्षा परिणाम दिए, उन्हें भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, सरस्वती साइकिल योजना के तहत नव प्रवेशी विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं।

## समाजसेवक ने अध्यक्ष गौरीशंकर को कार्य निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सहसपुर के आश्रित गांव ग्राम कसेरुडीह में विकास कार्य निर्माण को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू ने जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप को अवगत कराते हुए सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू ने बताया कि हमारा गांव आश्रित गांव हैं, जो मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, आज तक मुक्तिधाम नहीं बन पाया है, यदि गांव में किसी की मृत्यु हो जाता है तो उसका अंतिम संस्कार खुले स्थानों पर किया जाता है, जिससे गांव के लोगों को भारी समस्या झेलनी पडती है, अध्यक्ष महोदय से आशा और उम्मीद है कि मुक्तिधाम को जल्द से जल्द बनाने के लिए दस लाख राशि स्वीकृति करने कि मांग कि है। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला कसेरुडीह में बच्चों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में छोटे बच्चों के द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन खुले जगह पर होते आ रहा हैं, यदि वहां पर टीना शेड निर्माण होता है तो काफ़ी उत्साह वर्धन होगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए एक टीना शेड एक लाख पचास हजार स्वीकृति प्रदान करने कि मांग कि साथ ही साथ मानस यज्ञ भवन के पास बहुत से कार्यक्रम होते है, चाहे रामचरित मानस यज्ञ हो, या सामाजिक कार्यक्रम हो, उस जगह पर साहू समाज का भवन भी बना है यदि उस जगह टीना शेड निर्माण होता है तो बहुत से कार्यक्रम को करने में सुविधा होगी जिसके लिए टीना शेड निर्माण पंद्रह लाख राशि स्वीकृति प्रदान कर गांव की विकास में सहयोग प्रदान कर स्वीकृति करने के लिए मांग किया, जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने गंभीर विचार करते हुए अपने स्तर पर जो भी बने सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलापंचयत सदस्य इंद्रजीत माहडिक, खेमचंद साहू, जनक साहू, मंसा, संजू, सूर्यश, हरषु, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रसेला में शाला विकास प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला में समायोजन हो जाने से शाला विकास प्रबंधन समिति का पुनर्गठन 30 जून को शाला प्रांगण में संपन्न हुआ। इस समिति में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पालकगण और शिक्षक व अन्य सदस्य शामिल हैं, जो शाला के विकास में योगदान देंगे। इस समिति का मुख्य उद्देश्य छात्रों के हित में काम करना और स्कूल के विकास के भागीदार सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष अंजली कुंजाम, उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर मानिकपुरी, सचिव प्रधानपाठक एम डी विशाल, कोषाध्यक्ष हृदयराम साहू शिक्षक, शिक्षाविद धनेश्वर दास, जनप्रतिनिधि में रजनी बाई यादव, सरिता ठाकुर वहीं पालक सदस्य में राजेंद्र साहनी, छबिलाल नागेश, साबिर खान, रामायण ठाकुर, सावित्री बाई यादव, कुन्ती विश्वकर्मा, परमिला चक्रधारी, फगनी ठाकुर, निर्मला निषाद को सदस्य बनाया गया है। इसी कड़ी में प्राथमिक शाला रसेला का माध्यमिक शाला में युक्तियुक्तकरण के पश्चात प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हृदयराम साहू के द्वारा माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक को संपूर्ण कार्यभार सौंपा गया। समिति गठित होने के बाद यहां निर्णय लिया गया कि हर माह के 20 तारीख को जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि किसी कारणवश बच्चे अगर बार बार अनुपस्थिति रहता है यह लंबी अनुपस्थिति में है तो समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य उन्हें पुनः स्कूल में जोड़ने के लिए प्रयास करेंगे। स्कूल नहीं आने के कारण का पता लगाएंगे। उनके घर जाकर पालकों से संपर्क करेंगे। समिति के सदस्यों को एक्टिव रखने के लिए उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि समिति के हर सदस्यों को समय-समय पर स्कूल में आकर निरीक्षण किया जाना है कि बच्चों को सही शिक्षा मिल रहा है या नहीं शिक्षक सही समय पर स्कूल आ रहे हैं या नहीं और मध्ययन भोजन की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखना हैं। इसी कड़ी में ग्राम प्रमुख संतराम नेताम ने कहा कि समिति के समस्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा स्कूल के प्रत्येक गतिविधि में पुरी निष्ठा के साथ भागीदारी निभाने को कहा गया। और शाला प्रबंधन समिति का उद्देश्य विद्यालय के समुचित प्रबंधन और गुणवत्ता सुधार में सहभागिता को बढ़ाना है। इस मौके पर पंच कंसराम ठाकुर, कुबेर सिंह बारिक, पीला बाई ठाकुर , मालती मरकाम, पूर्व अध्यक्ष देवकी मरकाम, लोमेश्वरी कोमर्रा, कमलेश्वरी यादव, प्रताप सिंह ठाकुर, इतवारू विश्वकर्मा, घनश्याम, स्व सहायता समूह के सदस्यगण वत्सला निषाद, लगनी बाई, ललिता बाई यादव, शिक्षक बालचंद नेताम, देवनारायण साहू, संजीव कुमार सिन्हा, स्कूल के सफाई कर्मचारी गणेश्वर ठाकुर, निसु निषाद सहित पालकगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## श्री श्री चौबीस नामयज्ञ पहरी में भी मनाई गई हेरा पंचमी

### श्री जगन्नाथ मंदिर के रथजात्र महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ अमलीपदर में ओडिशा से आये संकीर्तन मंडलियों की शानदार प्रस्तुति





विकासखण्ड के अमलीपदर श्री जगन्नाथ मंदिर में रथजात्र महोत्सव पर भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। गुंडिचा मंदिर में विराजमान श्री कालिया महाबाहु के प्रांगण में श्रीश्री 24 पहरी महानाम यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें आज सोमवार को श्री गुंडिचा मंदिर में निरंतर महामंत्र जाप चलता रहा। सोमवार को सीमावर्ती राज्य ओडिशा से आई संकीर्तन मंडलियों की शानदार प्रस्तुति ने बरसात में भी जनसैलाब को बांधे रखा। लोगों का उत्साह गिरते पानी की बूंदे भी नहीं डिगा सकी। साथ ही मानस भवन में निरंतर महाभडांरा का आयोजित किया गया है। जिसमें ग्राम और दूरस्थल से आये श्रद्धालु भोजन प्रसादी पाकर आनंदित होते रहे। भंडारा भी नित्य वितरण किया जा रहा है। सोमवार को हेरा पंचमी का आयोजन हुआ जिसमें ग्राम हजारों के संख्या में श्रद्धालु कालिया भक्त उपस्थित रहे। पं आचार्य युवराज पांडेय ने बताया कि हेरा पंचमी पर्व नारियों के सम्मान का प्रतीक है । पौराणिक मान्यताओं अनुसार श्रीमंदिर से श्री महालक्ष्मी श्री जगन्नाथ को मनाने पालकी पर सवार होकर गुंड़िचा मंदिर निज परिकरों के साथ पहुंचती है। भगवान श्री जगन्नाथ और मां महालक्ष्मी की भेंट होती है। महाप्रभु श्री जगन्नाथ को साथ जाने के लिए आग्रह करती है तो कालिया ठाकुर मना करते हैं। मां महालक्ष्मी जी रुष्ट हो जाती है और निज परिकरों को आदेश देती है की नंदीघोष रथ का भंजन कर दिया जाए। मां महालक्ष्मी श्री मंदिर वापस आती है । आज इस पर्व हेरा पंचमी पर श्री मंदिर से मां महालक्ष्मी जी की डोली गुड़िचा मंदिर घंट ,हुलहुली, शंख, बाजा गाजे , मेलोडी डीजे,संकीर्तन मंडली द्वारा पहुंची। श्री जगन्नाथ मंदिर पुजारी पं युवराज पांडेय द्वारा मां महालक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। श्री जगन्नाथ और मां महालक्ष्मी की भेंट सम्पन्न हुई। तत्पश्चात महाआरती हुई। इस धार्मिक आयोजन में पं युवराज पांडेय, मंदिर परिसर के सेवक , ग्राम के वरिष्ठजन, समस्त ग्रामवासी उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ गुंडीचा मंदिर में महाआरती हुई। महाआरती के बाद महाभंडारा प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया। शुक्रवार से महानाम यज्ञ आरंभ हुआ। बुधवार प्रातः तक निरंतर नाम जप रहेगा । इस धार्मिक आयोजन में पं युवराज पांडेय श्री मंदिर परिसर के सेवक, ग्राम के वरिष्ठ जन मातृशक्ति सम्मिलित हुए,समस्त ग्रामवासी अत्यंत हर्षोल्लास के साथ उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।







## बारूला स्कूल में मना प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारूला में शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

अतिथियों ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया और उनका मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गणवेश और पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वागत गीत गाए गए और अतिथियों का फूल-गुलाल से स्वागत अभिनंदन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बारूला के सरपंच सुखदेव राम साहू थे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ओंकार साहू, घनश्याम गुप्ता, सीएमसी अध्यक्ष झाड़ू राम साहू, मोहनलाल ध्रुव, मानसिंह निर्मलकर, दर्शन साहू और शेखर साहू उपस्थित रहे। सरपंच सुखदेव राम साहू ने अपने संबोधन में शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने जन्मदिन पर हर वर्ष एक पौधा अवश्य रोपें और उसके बढ़ने तक उसका संरक्षण करें। सेवानिवृत्त शिक्षक घनश्याम गुप्ता ने शिक्षा को सर्वांगीण विकास का साधन बताया। विद्यालय के शिक्षक लक्ष्मीनारायण सेन ने बच्चों से एक विशाल वृक्ष की तरह आश्रयदाता बनने का आह्वान किया। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ओंकार साहू ने समय के सदुपयोग का महत्व समझाया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधान पाठिका प्रेरणा श्रीवास और शिक्षकगण मन्नू राम ध्रुव, रूखमणी साहू, कमलकांत सेन, हीरामन साहू, रिसेन साहू भी उपस्थित रहे।